नोटस

स्नातक खण्ड - III, भूगोल (प्रतिष्ठा)

पत्र - IV

Unit - I

भूगोल को परिभाषित करें तथा अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ इसके सम्बंधों का वर्णन करें ?

वह शास्त्र जिसके द्वारा पृथ्वी के ऊपरी स्वरूप और उसके प्राकृतिक विभागों जैसे पहाड़, पठार, महादेश, नगर, नदी, समुद्र, झील, डमरूमध्य, उपत्यका, वन, मानवीय बसाव, सभी प्रकार के मार्गो, व्यवसाय, बसी हुई विस्तार, उसके लक्षण आदि के साथ-साथ पृथ्वी के अन्दर की पतली परत एवं पृथ्वी के ऊपर वायुमंडल के ऊपर पतली परत का वर्णन करता है।

भूगोल शब्द ग्रीक भाषा के शब्द Geo एवं Graphos से बना है। Geo का अर्थ पृथ्वी एवं Graphos का अर्थ वर्णन करना है। भूगोल पहले Social Science का ही एक भाग था लेकिन यूनान वासी इरेटास्थनीज (276-194 ई०पू०) ने भूगोल को अलग विषय के रूप में नाम दिया इस लिये इसे भूगोल का पिता कहा जाता है।

भूगोल की परिभाषा विभिन्न विद्वानों ने निम्न प्रकार से दी है :—

ग्रीक विद्वान टामली के अनुसार :— " भूगोल वह आभामय विज्ञान है जो पृथ्वी की झलक स्वर्ग में दिखता है।"

कांट के अनुसार :— " भूगोल भूतल का वर्णन है।"

जेम्स हटन के अनुसार :— " वर्तमान भूत की कुंजी है।"

फ्रीमैन तथा रॉप के अनुसार : " पृथ्वी तथा उस पर दिखाई पड़ने वाली सभी बातों या तथ्यों का वर्णन करना ही शाब्दिक अर्थो में भूगोल है।"

अतः हम कह सकते हैं कि पृथ्वी का जो सम्पूर्ण वर्णन करे वही भूगोल है।

भूगोल के अन्तर्गत :— भौतिक भूगोल, मानव भूगोल, जीव भूगोल, भू-आकृति विज्ञान जलवायु विज्ञान, जल विज्ञान, मृदा भूगोल, सांस्कृतिक भूगोल, सामाजिक भूगोल, जनसंख्या अधिवास भूगोल नगरीय भूगोल, ग्रामीण भूगोल, आर्थिक भूगोल, एतिहासिक भूगोल, औद्योगिक भूगोल, राजनैतिक भूगोल, वनस्पति भूगोल, मानवपारिस्थितिकी भूगोल, पर्यावरण भूगोल, भौगोलिक चिंतन, मानचित्र, सांख्यिकी तकनीक, क्षेत्र सर्वेक्षण विधि, भू-सूचना तकनीक भूगोल आदि भूगोल की शाखाएं आती है।

विश्व के प्रमुख भूगोल वेता

यूनानी :→ अरस्तु, इरैटोस्थनिज, टालमी, एनेक्सीमेंडर, हिरोडोटस, होमर, आदि।

भारत :→ माजिद हुसेन, मोहम्मद शफी, राम लोचन सिंह, मुनिस रजा, गुरुदेव सिंह गोशाल आदि।

अमेरिका :→ डेविस, एलेन चर्चिल सेम्पुल, लुईस, मार्क जेफरसन, विलियमसन, हंटिंग्टन, जोसेफ हेनरी, पावेल आदि

ब्रिटिश :→ हरबर्टसन, डडले स्टाम्प, डेविड हर्वे, मैकिण्डर, पीटर हैगेट आदि।

अरबीयन :→ अल इदरीसी, अल. मसूदी, इब्न बतूल, अबुजैद, अल याकुबी, अलबेरूनी आदि।

फ्रांस :→ पॉल वाइडल डि लॉ ब्लाश हम्बोल्ट रेटजेल, रिचथोफन, जीन ब्रूंस, अलबर्ट डिमान्जिया, ब्लान,

रोम :→ स्टैबो, प्लिनी, पोम्पोनियस मेला

जर्मनी :→ कालरिटर, हम्बोल्ट, हेटनर, पैंक, रेटजेल, वॉन रिचथोफन आदि।

Scanned with CamScanner

भूगोल का अन्य विषयों के साथ सम्बंध

भूगोल को विज्ञान की जननी कहा गया है। यह एक ऐसा विषय जिसमें से अनेक शाखाएँ प्रस्फुटित हुई हैं जिसका सम्बंध भूगोल से है। जैसे वृहद बरगद के वृक्ष की लटकती शिराएँ तने का रूप धारण करती है एक समय ऐसा आता है कि शिरा तना बनकर मूल तना से ज्यादा या समतुल्य मोटी हो जाती है। तब यह कठिन हो जाता है कि बरगद का वृक्ष का मूल तना कौन सा है। ठीक उसी प्रकार भूगोल का सम्बंध अन्य विषयों से है जैसे :- जलवायु विज्ञान से, वनस्पति विज्ञान से, भू विज्ञान, जन्तु विज्ञान से, मृदा विज्ञान से, अर्थशास्त्र से, इतिहास से, राजनीति विज्ञान आदि से।

मानव के समग्र विकास के लिए अन्तर्विषय सम्बंध स्थापित करना परम आवश्यक हो गया है।

(i) भूगोल एवं खगोल विज्ञान (Geography and Astronomy) :- खगोल विज्ञान में आकाशीय पिण्डों का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है जैसे सूर्य, चन्द्रमा, धुमकेतुओं आदि। भूगोल में सौर मण्डल, पृथ्वी की दैनिक एवं वार्षिक गति, सूर्य ग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य के चारो ओर चक्कर लगाने वाले ग्रहों आदि का अध्ययन किया जाता है। इस प्रकार भूगोल एवं खगोल विज्ञान एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बंध है।

(ii) भूगोल एवं भूविज्ञान (Geography and Geology) :- भूविज्ञान में पृथ्वी के संगठन, संरचना तथा इतिहास का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। भूगोल के अन्तर्गत पृथ्वी की आन्तरिक संरचना पहाड़, पठार, मैदान आदि का वर्णन किया जाता है।

(iii) भूगोल एवं मौसम विज्ञान (Geography and Climate Sience) :- जलवायु विज्ञान के अन्तर्गत वायुदाब, तापमान, वर्षा, पवन आर्द्रता, वर्षण, मेघाच्छादन, सूर्य प्रकाश आदि का वर्णन किया जाता है। मौसम विज्ञान के इन तत्वों का विश्लेषण भूगोल में किया जाता है। अतः मौसम/जलवायु विज्ञान का सम्बंध भूगोल से है।

(iv) भूगोल एवं जल विज्ञान (Geography and Hydrology) :- जल विज्ञान में महासागरीय जल से लेकर पशुओं के पीने, फसलों के सिंचाई करने, कारखानों में जल पूर्ति, जल शक्ति, जल परिवहन मत्स्यखेट आदि का वर्णन किया जाता है। भूगोल में इन तत्वों का अध्ययन Oceanography समुद्र विज्ञान में किया जाता है अतः भूगोल एवं जल विज्ञान में अत्यन्त निकट औ घनिष्ठ सम्बंध है।

(v) भूगोल एवं जन्तु विज्ञान (Geography and Biology) :- भूगोल के अन्तर्गत जन्तुओं के वितरण का अध्ययन किया जाता है उनसे हमे उद्योगों के लिये कच्चा सामग्री, भोजन सामग्री आदि प्राप्त होता है औ जन्तु विज्ञान में पशुओं के संवर्धन उनकी विकास का अध्ययन किया जाता है अतः भूगोल एवं जन्तु विज्ञान एक दूसरे से सम्बंध है।

(vi) भूगोल एवं अर्थशास्त्र (Geography and Economic) :- भोजन, वस्त्र, आवास मनुष्य की प्राथमिक आवश्यकताएं हैं जिसका अध्ययन अर्थशास्त्र में किया जाता है। मनुष्य की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक आदि आवश्यकताएं बहुत कुछ अर्थ व्यवस्था पर ही आधारित होती है। भूगोल के अन्तर्गत आर्थिक भूगोल में इन क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है।

Scanned with CamScanner

(vii) भूगोल एवं इतिहास (Geography and History) :→ विश्व का सम्पूर्ण इतिहास प्राकृतिक से प्रभावित रहा है क्योंकि मानव सभ्यता का विकास नदि की घाटियों एवं उपजाऊ मैदानी भागों से रहा है। भूगोल में भी मानव के भौगोलिक पर्यावरण तथा परिस्थितियों का गहरा प्रभाव पड़ता है। किसी प्रदेश में जनसंख्या, कृषि, पशुपालन, खनन, उद्योग-धंधो, परिवहन के संसाधनों, व्यापारिक एवं वाणिज्यिक संस्थाओं आदि का ऐतिहासिक विकास का अध्ययन मानव भूगोल में किया जाता है।

(viii) भूगोल एवं समाज शास्त्र (Geography and Sociology) :→ समाजशास्त्र में मनुष्यों के सामाजिक जीवन, व्यवहार, समाज की उत्पति, विकास, संरचना सामाजिक संस्थाओं का अध्ययन, वर्गों, समूहों, समुदायों, रीति-रिवाज, प्रथा तथा नियमों आदि का वर्णन किया जाता है जिसका प्रभाव भौगोलिक पर्यावरण से सम्बंधित अतः समाजशास्त्रीय अध्ययनों में भौगोलिक ज्ञान आवश्यक होता है।

(ix) भूगोल एवं राजनीति शास्त्र (Geography and Political Science) :-

राजनीति शास्त्र में शासन व्यवस्था, राज्यों की शासन प्रणाली, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय सम्बंधों सीमा, विस्तार आदि का वर्णन मिलता है। जबकि भूगोल के अन्तर्गत राष्ट्री एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सिमाओं एवं राजनीतिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है। जर्मनी का एकीकरण, सोवियत संघ का विघटन इन सभी का अध्ययन राजनीतिक भूगोल में किया जाता है। अतः अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का सही अध्ययन भूगोल के अध्ययन के बिना सम्भव नही है। इसमें भू-राजनीति (Geo-Politics) का सही अध्ययन जरूरी है।

Scanned with CamScanner